सी.ए.एच.टी.

# अवैध मानव व्यापार रोधी कार्यक्रम में सर्टिफिकेट

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

(जनवरी और जुलाई 2019)

विधि विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110 068

## अवैध मानव व्यापार रोधी कार्यक्रम में सर्टिफिकेट

प्रिय विद्यार्थी,

विश्वविद्यालय के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए आपको एक सत्रीय कार्य पूरा करना है।

आप पाएंगे कि सत्रीय कार्यों में दिए गए प्रश्न विश्लेषणात्मक (analytical) और वर्णनात्मक (descriptive) हैं ताकि आप अवधारणाओं को बेहतर ढंग से जान और समझ सकें।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर निकटतम शब्द-सीमा में होना चाहिए। स्मरण रहे कि सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन-कौशल में सुधार होगा और आप सत्रांत परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।

### सत्रीय कार्य जमा कराना

आपको अपने **अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र** में सत्रीय कार्य जमा कराने हैं। आप जो सत्रीय कार्य जमा कराएं, कृपया उसकी फोटोकॉपी अपने पास अवश्य रखें।

मूल्यांकन करने के बाद, क्षेत्रीय केंद्र, इग्नू स्थित विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, नई दिल्ली को आपके अंक भेजेगा।

**आपको अपने अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र में नीचे लिखे अनुसार सत्रीय कार्य जमा कराने हैं :**

जनवरी 2019 सत्र के लिए 31 मार्च,2019

जुलाई 2019 सत्र के लिए – 30 सितंबर, 2019

### सत्रीय कार्य करने के लिए दिशा-निर्देश

हम आपसे आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें। आपको इसके लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना उपयोगी रहेगा :

1) **योजना** : सत्रीय कार्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उन इकाइयों का अध्ययन कीजिए जिन पर वे आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बिंदु तैयार कीजिए और फिर उन्हें तर्कसंगत क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

2) **आयोजन** : अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा तैयार करने से पहले थोड़ा चयन और विश्लेषण कीजिए। प्रश्न की प्रस्तावना (परिचय) और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दीजिए।

   यह सुनिश्चित कर लें कि :

   क) उत्तर तर्कसंगत और उपयुक्त है।

   ख) वाक्यों और पैराग्राफों का स्पष्ट मेल है।

   ग) आपकी अभिव्यक्ति में प्रस्तुतिकरण सही है।

3) **प्रस्तुतिकरण** : एक बार अपने उत्तर से संतुष्ट होने पर आप सत्रीय कार्य जमा कराने के लिए अंतिम रूप (पाठ) लिख सकते हैं। **अपनी लिखाई में सभी सत्रीय कार्य स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य है।** यदि आप ऐसा चाहते हैं तो आप जिन बिन्दुओं पर जोर देना चाहते हैं, उनको रेखांकित कीजिए। यह सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द सीमा में होना चाहिए।

**शुभकामनाओं के साथ,**

कार्यक्रम संचालक

पाठ्यक्रम कोडः बीएलई–031
सत्रीय कार्य कोडः बीएलई–031 / जनवरी 2019 एवं जुलाई 2019
कुल अंकः 100

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

भाग– I

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 200 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

1. संयुक्त राष्ट्र तस्करी प्रोटोकॉल(नयाचार) पर नोट लिखिए।
2. सेक्स टूरिज्म पर नोट लिखिए।
3. घरेलू गुलामी पर नोट लिखिए।
4. मानव तस्करी के कारण के रूप में निर्धनता पर नोट लिखिए।
5. गुमशुदा व्यक्तियों और अवैध व्यापार के शिकार व्यक्तियों पर नोट लिखिए।
6. मानव तस्करी के पुल(pull) कारकों की चर्चा कीजिए।
7. अवैध व्यापार मार्गों से आप क्या समझते हैं
8. पीड़ितों की रूपरेखा बनाने की जाँचसूची पर चर्चा कीजिए।
9. एच.आई.वी. / एड्स के प्रति राष्ट्रीय प्रतिक्रिया पर नोट लिखिए।
10. क्या आपकी राय में मानव तस्करी की दृष्टि से बच्चों को इसका शिकार आसानी से बनाया जा सकता है।

भाग– II

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 350 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।**

11. मानव तस्करी के प्रकार कौन–कौन से हैं।
12. मानव तस्करी के महिला अधिकार संबंधी आयाम की चर्चा कीजिए।
13. मानव तस्करी से संबंधित पुश कारकों की चर्चा कीजिए।
14. सीमा पर तस्करी वाले मामलों की कार्यप्रणाली की चर्चा कीजिए।
15. मानव तस्करी के विशिष्ट सूचकों पर नोट लिखिए।

पाठ्यक्रम कोडः बीएलई–032
सत्रीय कार्य कोडः बीएलई–032 / जनवरी 2019 एवं जुलाई 2019
कुल अंकः 100

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## भाग– I

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 200 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

1. बाल अधिकार, 1989 संबंधी कन्वेन्शन पर नोट लिखिए।
2. मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा, 1948 पर नोट लिखिए।
3. बाल गृहों पर नोट लिखिए।
4. किशोरी शक्ति योजना पर नोट लिखिए।
5. मानव तस्करी के मामले में क्या गैर सरकारी संगठन, एफ.आई.आर. दर्ज करा सकता है। चर्चा कीजिए।
6. सहकिया(Synergy) से आप क्या समझते हैं।
7. मानव तस्करी रोकथाम में जिला ग्राम विकास एजेंसियों की भूमिका की चर्चा कीजिए।
8. समुदाय सतर्कता पर नोट लिखिए।
9. आसरा परियोजना पर नोट लिखिए।
10. मानव तस्करी निवारण एकक के क्षेत्र दौरे पर नोट लिखिए।

## भाग– II

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 350 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।**

11. गृह सत्यापन पर नोट लिखिए।
12. क्या आपकी राय में मानव तस्करी की रोकथाम में, मानव तस्करी निवारण एककों ने योगदान दिया है।
13. मानव तस्करी मामलों के अभियोजन से जुड़ी चुनौतियों की चर्चा कीजिए।
14. पी.आई.एल की मुख्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए।
15. मानव तस्करी से जूझने में न्यायपालिका की भूमिका की चर्चा कीजिए।

पाठ्यक्रम कोडः बीएलई–033
सत्रीय कार्य कोडः बीएलई–033/जनवरी 2019 एवं जुलाई 2019
कुल अंकः 100

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

भाग–I

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 200 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

1. मानव तस्करी के मामलों में पुनर्वास के महत्व की चर्चा कीजिए।
2. मनोवैज्ञानिक पुनर्वास पर नोट लिखिए।
3. बहाली और स्वदेश वापसी पर नोट लिखिए।
4. मानव तस्करी रोकथाम में पुलिस की भूमिका की चर्चा कीजिए।
5. मानव तस्करी की रोकथाम में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका की चर्चा कीजिए।
6. मानव तस्करी का शिकार होने से बचाने के संबंध में संवेदनशील व्यक्तियों को सशक्त बनाने पर नोट लिखिए।
7. गुमशुदा व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने में मीडिया की भूमिका की चर्चा कीजिए।
8. रि–ट्रैफिकिंग क्या है।
9. देखभाल संबंधी सुविधाओं पर नोट लिखिए।
10. उत्तरजीवी संबंधी अधिकारों से आप क्या समझते हैं।

भाग–II

11. मानव तस्करी से पीड़ितों के पुनर्वास में सम्मिलित संस्थान पर नोट लिखिए।
12. रि–ट्रैफिकिंग से निपटने की निवारण संबंधी रणनीतियों की चर्चा कीजिए।
13. पीड़ितों और उत्तरजीवियों के पुनर्वास पर नोट लिखिए।
14. क्या आपके विचार में अवैध व्यापार के शिकार व्यक्ति को सुरक्षा और पुनः इसका शिकार न होने का अधिकार प्राप्त है
15. मानव तस्करी और विकास के बीच की कड़ी की चर्चा कीजिए।